साहस सच दिखाने का
भारत दर्शन
सबसे तेज-सबसे अलग खबरें, अब एक क्लिक पर
www.bharatdarshannews.com

पर्यावरण संरक्षण" विषय पर अग्रवाल महाविद्यालय में निकाली जागरूकता रैली

(Kiran Kathuria) www.bharatdarshannews.com Wednesday,27 March , 2019)

Faridabad News, 27 March 2019 : अग्रवाल महाविद्यालय में को एन.एस. एस. इकाई द्वारा "पर्यावरण संरक्षण" विषय पर जागरुक करने के लिए एक रैली अग्रवाल महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कान्त गुप्ता के दिशा निर्देशन में निकाली गई तथा उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए स्वयंसेविको को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें पर्यावरण को प्रदूशित होने से रोकना है, क्योकि हमारा पर्यावरण सुरक्षित होगा तभी हमारा जीवन सुरक्षित होगा। प्राचार्य ने अपने स्वयंसेवको को संबोधित करते हुए कहा कि यह हमारा कर्तव्य है कि हम स्वयं भी अपने पर्यावरण को सुरक्षित रखें व आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण धरोहर का रुप में देकर जायें। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कान्त गुप्ता ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसमें डॉ. के . एल. कौशिक , डॉ. संजीव गुप्ता ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई प् एन.एस.एस. इकाई प्रथम के कार्यक्रमाधिकारी डॉ. अशोक निराला, इकाई द्वितीय की कार्यक्रमाधिकारी रितु इकाई तृतीय की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सीमा मलिक के नेतृत्व में एन.एस.एस. स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओ ने नारे लगाये। जागरुक करने के लिए अम्बेडकर चौक से लेकर मेन बाजार बल्लबगढ़ होती हुई महाविद्यालय वापिस पहुँची। रैली में लगभग 150 स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही आज ही के दिन अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के सभागार में अर्थशास्त्र विभाग के तत्वावधान में अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया जिसका विशय था "भारतीय अर्थव्यवस्था व बेरोजगारी का समाधान" प् मुख्य वक्ता के रुप में सुरिन्दर कुमार (भूतपूर्व निदेषक, गिरी इंस्टीट्यूट ऑफ लखनऊ) उपस्थित थे। महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. कृष्ण कान्त गुप्ता की सद्प्रेरणा से विद्यार्थियो के सर्वांगीण विकास हेतु समय पर अनेकानेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी श्रृंखला में डॉ. मनोज शुक्ल के कुषल मार्गदर्षन में यह व्याख्यान आयोजित किया गया प् इस व्याख्यान के अन्तर्गत सुरिन्दर कुमार जी ने निम्न बिन्दुओ पर प्रकाष डालते हुए कमजोर पड़ती अर्थसंरचना को बेरोजगारी का मूलभूत कारण बताया प् दूसरे सत्र में हरियाणा राज्य की अर्थव्यवस्था की विभिन्न आर्थिक समस्याओं पर प्रकाष डाला प् इस व्याख्यान का अर्थशास्त्र एवं वाणिज्य विभाग के 150 विद्यार्थियों ने लाभ उठाया प् इस अवसर पर अर्थशास्त्र एवं वाणिज्य विभाग के समस्त प्रवक्तागण डॉ. उशा चौधरी, श्रीमती प्रतिज्ञा चौधरी, डॉ. पूनम शर्मा, डॉ. उपासना, सुश्री प्रिया, श्रीमती प्रियंका, श्रीमती स्वाती अग्रवाल व श्रीमती मनीशा गोयल उपस्थित थे प्